खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की हुई मौत

कटनी। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत लखापतेरी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान रश्मि भूमिया 27 वर्ष) के रूप में हुई है। रश्मि अपने पति के साथ अपने मायके, पौड़ी पड़रिया गांव जाने के लिए निकली थीं। इसी दौरान जब वे लखापतेरी रोड पर थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रश्मि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। रविवार दोपहर जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके पश्चात, पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। परिवार इस अचानक हुए हादसे के बाद गहरे सदमे में है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की पहचान करने और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

बेरोजगार युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार के लिये ऋण

कटनी। राज्य शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें इच्छुक आवेदक पात्रता अनुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है। योजना का लाभ लेने हेतु 18 से 45 वर्ष के वे युवा जो मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी वार्षिक आय 12 लाख रूपये से कम हो, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक युवा परियोजना प्रतिवेदन, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, बैंक पासबुक, कोटेशन, पेनकार्ड आदि समस्त दस्तावेजों के साथ समस्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

नदी घाटों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

कटनी। नगर के घाटों, तालाबों एवं अन्य जलस्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निगम की टीम ने विभिन्न घाटों पर साफ-सफाई कर कचरे का उचित संग्रहण सुनिश्चित किया तथा नागरिकों को जलस्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।नक्शे देखें इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 17, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित शनि मंदिर तालाब के घाट पर वार्ड पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से घाट एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की जाकर एकत्रित अपशिष्ट को निगम के कचरा संग्रहण वाहन को सौंपा गया। वहीं, वार्ड क्रमांक 14, राजीव गांधी वार्ड स्थित माई जी घाट पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती प्रेमवती डब्बू रजक उपस्थित रहीं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत वार्ड क्रमांक 45 के रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज तालाब में स्वच्छ सरोवर अभियान चलाकर तालाब एवं घाट के आसपास क्षेत्र में व्याप्त पूजन सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट की साफ-सफाई की जाकर तालाब की स्वच्छता बनाए रखने नागरिकों में जलस्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के प्रयास किए गए।

बड़वारा विधानसभा क्षेत्र का मामला, विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

शराब और रेत का हो रहा अवैध कारोबार कार्यवाही हेतु विधायक ने किया पत्राचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के साथ ही अवैध शराब के कारोबार बेरोकटोक तरीके से चल रहा है। दोनो ही अवैध पर जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही नहीं किये जाने से माफियाओं के हौसले बुलंदी पर हैं। शराब एवं रेत के अवैध कारोबार पर कार्यवाही के लिये विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। अवैध कारोबार किस कदर हावी है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार्यवाही के लिये विधायक को पत्राचार करना पड़ रहा है।

रेत का अवैध उत्खनन जहां नदियों के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकता है, वहीं बिना अनुमति रेत का परिवहन शासन को राजस्व की हानि पहुंच रही है। दूसरी ओर अवैध शराब की बिक्री से न सिर्फ नशेड़ियों की फौज बढ़ रही है बल्कि गांव का माहौल खराब होने के साथ ही परिवारिक कलह बढ़ रहा है। रेत उत्खनन के नियमों का उल्लंघन कर नदियों से रेत निकाली जा रही है इससे नदी तटों के कटाव, पर्यावरणीय असंतुलन और आसपास के क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अवैध शराब के कारोबार से माफियाओं की तो चांदी है लेकिन लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आबकारी विभाग और पुलिस को शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। खासकर सार्वजनिक स्थानों और आबादी वाले क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों पर निगरानी रखना जरूरी है।

रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग और पुलिस के बीच समन्वय जरूरी है। नियमित जांच, संदिग्ध वाहनों के दस्तावेजों का सत्यापन और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई से ऐसी गतिविधियों पर नियंत्रण किया जा सकता है।

विधायक ने लिखा पत्र

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्टर को पत्र क्रमांक MLA/BD/2149 दिनांक 22/10/2026 प्रेषित कर विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब पैकरियों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने जन स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा का हवाला देते हुए बिना लाइसेंस संचालित पैकरियों को बंद करने, औचक निरीक्षण और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी अधिकारी, जिला कटनी को भेजी गई है।

इसी तरह विधायक ने दूसरे पत्र में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महानदी एवं बेलकुण्ड नदी में अवैध रेत उत्खनन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। पत्र में इस बात पर चिंता जताई गई है कि अवैध खनन के कारण नदियों के प्राकृतिक स्वरूप, पर्यावरण और शासन के राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है।



जगन्नाथ चौक से खिरहनी ब्रिज तक कराई गई रोड मार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जगन्नाथ चौक से खिरहनी ब्रिज तक सड़क पर रोड मार्किंग का कार्य कराया गया है। यह पहल केवल सड़क को व्यवस्थित स्वरूप देने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर यातायात अनुशासन से भी जुड़ी है। सड़क पर स्पष्ट रोड मार्किंग होने से वाहन चालकों को सड़क की निर्धारित सीमाओं और लेन की पहचान करने में मदद मिलती है। इससे वाहन व्यवस्थित ढंग से चलाने, अनावश्यक रूप से एक-दूसरे के रास्ते में आने से बचने तथा यातायात को सुचारु बनाए रखने में सुविधा होती है। इसका लाभ दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों सहित पैदल राहगीरों को भी मिल सकता है। विशेष रूप से व्यस्त मार्गों पर स्पष्ट सड़क चिह्न यातायात को अधिक व्यवस्थित बनाने और असमंजस की स्थिति कम करने में सहायक होते हैं।रोड मार्किंग जैसे बुनियादी सुधारों का वास्तविक महत्व नागरिकों की रोजमर्रा की आवाजाही को आसान बनाने में है। सुरक्षित सड़कें, स्पष्ट संकेत और यातायात नियमों का पालन मिलकर दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में योगदान देते हैं। निगम प्रशासन का यह प्रयास शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है।नागरिकों से अपील है कि वे सड़क पर बनी मार्किंग एवं यातायात संकेतों का पालन करें, निर्धारित दिशा में वाहन चलाएं।

पटवारी ने कहा लोकतंत्र को बचाने के लिये हर बलिदान के लिये तैयार

जन आक्रोश सभा में पहुंची पीसीसी चीफ भाजपा सरकार पर किये कई तीखे हमले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कटनी आगमन हुआ। बरही में आयोजित जन आक्रोश सभा में शामिल होने के लिए पहुंचे दोनों नेताओं ने सबसे पहले प्रसिद्ध विजयनाथधाम मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे हमले किए।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए हमारे महापुरुषों ने शहादत दी थी। कांग्रेस पार्टी ने आम नागरिकों को वोट का अधिकार दिया, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान दिया और कांग्रेस ने देश को लोकतंत्र दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने देश का लोकतंत्र खत्म कर दिया है और संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। चुनाव आयुक्त की मदद से वोट चोरी कर सरकारें बनाई जा रही हैं, लेकिन अब इनकी पोल खुल चुकी है।

जीतू पटवारी ने विश्वास जताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में परिवर्तन की बयार बह रही है। देश में जहां-जहां भी चुनाव हो रहे हैं, वहां कांग्रेस को सफलता मिल रही है। आगामी विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए यदि खून की अंतिम बूंद भी देनी पड़े, तो कांग्रेस कार्यकर्ता हर बलिदान के लिए तैयार हैं। श्री पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अब बिल्कुल अलग-थलग पड़ गए हैं, और उनके मंत्री ही उनकी नहीं सुन रहे हैं। कार्यकर्ताओं में यह चर्चा है कि जब तक मोहन यादव रहेंगे, तब तक सरकार का भला नहीं हो सकता। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिले के प्रभारी मनु मिश्रा, नीरज सिंह बघेल, कांग्रेस नेता संदीप बाजेपायी, विधायक फुंदेलाल मार्को सहित बड़ी संख्या में अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में हुये विशेष धार्मिक कार्यक्रम



शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शहर के प्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मेले को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया। मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के लिए लोगों की आवाजाही बनी रही। पर्व के चलते मंदिरों में विशेष धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गईं। शरद पूर्णिमा पर खीर का विशेष महत्व माना जाता है। इसी परंपरा के तहत शाम को शहर के विभिन्न मंदिरों में खीर प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालु भगवान को खीर का भोग अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात को विशेष पुण्यदायी माना जाता है। इसी आस्था के चलते लोग पूरे श्रद्धाभाव से पर्व मनाते हैं। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं ने भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की तथा धार्मिक परंपराओं के अनुसार आरती में भाग लिया।

2.39 लाख महिलाओं के खातों में अंतरित की गई 35 करोड़ रुपये से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना जिले की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत अक्टूबर माह में कटनी जिले की 2 लाख 39 हजार 291 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में कुल 35 करोड़ 3 लाख 53 हजार 200 रुपये की आर्थिक सहायता अंतरित की गई। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की सहायता दी जा रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ घरेलू खर्चों में सहयोग और परिवार की आर्थिक गतिविधियों में अधिक प्रभावी भागीदारी निभा सकें।

योजना के अंतर्गत सहायता राशि आधार से जुड़े और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की सुविधा से सक्रिय बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाती है। इससे भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी और सुविधाजनक बनी रहती है तथा पात्र महिलाओं तक सहायता राशि पहुंचती है।

अक्टूबर माह में जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 385 महिलाओं के खातों में 5 करोड़ 78 लाख 96 हजार 900 रुपये, बहोरीबंद की 40 हजार 123 महिलाओं को 5 करोड़ 87 लाख 82 हजार 300 रुपये, ढीमरखेड़ा की 37 हजार 142 महिलाओं को 5 करोड़ 44 लाख 17 हजार 400 रुपये तथा कटनी जनपद पंचायत की 27 हजार 796 महिलाओं को 4 करोड़ 4 लाख 63 हजार 800 रुपये की राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 776 महिलाओं के खातों में 3 करोड़ 78 लाख 44 हजार 800 रुपये और विजयराघवगढ़ की 34 हजार 863 महिलाओं के खातों में 5 करोड़ 11 लाख 90 हजार 700 रुपये पहुंचाए गए।

नगरीय क्षेत्रों में नगर निगम कटनी की 28 हजार 159 पात्र महिलाओं के खातों में 4 करोड़ 93 लाख 33 हजार 700 रुपये अंतरित किए गए। वहीं, नगर परिषद बरही की 2 हजार 292 महिलाओं को 33 लाख 73 हजार 200 रुपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 275 महिलाओं को 32 लाख 87 हजार 700 रुपये और नगर परिषद

दीन दयाल वार्ड में होंगे विकास कार्य, तीन चरणों में होगा कार्य

सड़कों की सुधरेगी हालत, 28 लाख से होगा डामलीकरण, किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में लगभग 28.47 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न सड़क डामरीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों के पूर्ण होने से वार्ड के विभिन्न मार्गों की स्थिति में सुधार होगा और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यों की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पार्षद शकुंतला सोनी, रेखा तिवारी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में प्रस्तावित निर्माण कार्यों के तहत गुप्ता गली एवं नाकरा गली में 9.91 लाख रुपये की लागत से सड़क डामरीकरण कराया जाएगा। वहीं, बग्घा बाबा गेट से काली मंदिर होते हुए संजीव खरे के घर तक 10.04 लाख रुपये की लागत से सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वार्ड के अन्य चिन्हित मार्गों पर 8.52 लाख रुपये खर्च कर सड़कों का सुधार एवं डामरीकरण किया जाएगा। इन कार्यों पर कुल 28.47 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। सड़कों का निर्माण एवं सुधार होने से नागरिकों को गड्ढों और धूल से होने वाली परेशानियों से राहत मिलने के साथ ही आवागमन अधिक सुगम होगा।

लोगों को बेहतर सुविधाएं देना प्राथमिकता : महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने कहा कि शहर के विकास का वास्तविक उद्देश्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सड़कें किसी भी क्षेत्र की आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन आसान होता है, बल्कि नागरिकों के समय और श्रम की भी बचत होती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्डों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे। सड़क डामरीकरण जैसे कार्यों से वार्डों की स्थिति में सुधार होगा और लोगों को दैनिक आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

आवागमन होगा बेहतर

वार्ड में सड़क डामरीकरण कार्यों की शुरुआत पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव ने महापौर प्रीति सूरी एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वार्ड की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलना स्थानीय नागरिकों के लिए राहत की बात है। इन कार्यों से क्षेत्र की सड़क व्यवस्था बेहतर होगी और वार्डवासियों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा।

शरद पूर्णिमा पर महिलाओं ने किया सोलह सिंगार

सुहाग की दीर्घायु के लिये सुहागिनों ने रखा व्रत, किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शरद पूर्णिमा के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने सुहाग की लंबी आयु एवम परिवार में सुख समृद्धि के लिए शरद पूर्णिमा ब्रत का उपवास रखा एवम तुलसी माता का पूजन किया। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा अपनी सोलह कलाओं व सुंदरता से परिपूर्ण होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चंद्रमा की पूजा और मंत्र जाप का विशेष महत्व है। शरद पूर्णिमा पर चंद्र दोष से मुक्ति के लिए उपायशरद पूर्णिमा का पर्व धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। रविवार को विधि विधान से महिलाओं ने सोलह श्रंगार कर शरद पूर्णिमा मनाई।

ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को मन, भावनाओं और मानसिक शांति का कारक माना गया है। मान्यता है कि इस दिन कुछ विशेष उपाय करने से चंद्र दोष के नकारात्मक प्रभावों को कम करने और मन की शांति प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक पूजा करने की परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चंद्रमा को दूध मिश्रित जल अर्पित करना और 'ॐ सों सोमाय नमः' मंत्र का जाप करना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से मानसिक शांति और सकारात्मकता की कामना की जाती है। सफेद वस्तुओं का दान शास्त्रोचित मान्यता अनुसार चंद्रमा का संबंध सफेद रंग और शीतलता से माना जाता है। इसलिए शरद पूर्णिमा पर जरूरतमंदों को चावल, दूध, सफेद वस्त्र या अन्य उपयोगी वस्तुओं का दान करना पुण्यकारी माना जाता है। दान करते समय अपनी सामर्थ्य और जरूरतमंद व्यक्ति की आवश्यकता अनुसार दान करना चाहिए।

चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। इसी कारण चंद्र दोष की शांति के लिए भगवान शिव की पूजा और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने की परंपरा भी प्रचलित है। श्रद्धालु इस दिन शिवलिंग पर जल अर्पित कर सुख-शांति की प्रार्थना करते हैं। मन की शांति और सकारात्मक विचारचंद्रमा को मन का कारक मानने वाली ज्योतिषीय परंपरा में ध्यान, प्रार्थना और संयमित दिनचर्या को भी महत्व दिया गया है।

स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 28 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर 2026 को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, झिंझरी, कटनी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आयोजित होने वाला यह मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मेले में जिले सहित प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की प्रतिष्ठित निजी कंपनियां एवं संस्थान शामिल होकर योग्य युवक-युवतियों को रोजगार, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 20 कंपनियों द्वारा कुल 2280 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

मेले में आठवीं, दसवीं, बारहवीं, ITI, पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा, स्नातक एवं अन्य शैक्षणिक योग्यता रखने वाले पात्र युवक-युवतियां अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। विभिन्न कंपनियों द्वारा पद के अनुसार अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता एवं कौशल की आवश्यकता निर्धारित की गई है।

रोजगार के साथ ही युवाओं को अप्रेंटिसशिप के माध्यम से कौशल विकास एवं कार्यानुभव प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। वहीं स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार संबंधी योजनाओं एवं संभावनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मेले की प्रमुख विशेषता यह है कि निजी कंपनियों द्वारा सीधी भर्ती, अप्रेंटिसशिप के अवसर, स्थल पर पंजीयन एवं साक्षात्कार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विभिन्न सेक्टरों में रोजगार के साथ युवाओं को स्वरोजगार एवं कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती विश्वकर्मा एवं युवा संगम रोजगार मेला प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर मेले में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

खबर संक्षेप

पैकरियों पर कार्यवाही करने विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

सिलौंडी। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्टर जिला कटनी को पत्र क्रमांक MLA/BD/2149 दिनांक 22/10/2026 प्रेषित कर विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब पैकरियों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने जन स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा का हवाला देते हुए बिना लाइसेंस संचालित पैकरियों को बंद करने, औचक निरीक्षण और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी अधिकारी, जिला कटनी को भेजी गई है।

विजयराघवगढ़ एवं कैमोर थाना क्षेत्र में हुये सड़क हादसे दो लोगों की मौत

कटनी। सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के जंगलपुरानी नरेडी मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कमलेश उर्फ घुल्ली सिंह गोड 30 वर्ष, निवासी ग्राम पौनिया थाना बड़वारा) की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है इसी तरह कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़गड़ौहा आम रोड पर एक अन्य सड़क दुर्घटना में तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के कारण सचिन लोधी 24 वर्ष, निवासी लाल नगर कैमोर की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना को लेकर कैमोर थाने में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

भागवत कथा में नारद जी की कथा का वर्णन

सिलौंडी। सिलौंडी में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक दिनेश मिश्रा ने नारद जी कथा का वर्णन किया। कथा की शुरुआत नारद जी के पूर्व जन्म से होती है। पिछले जन्म में नारद जी एक दासी पुत्र थे। संतों की सेवा से उन्हें ज्ञान मिला और भगवान के दर्शन हुए। इसी पुण्य से अगले जन्म में वे ब्रह्मा जी के मानस पुत्र नारद मुनि बने। इससे बताया जाता है कि संत सेवा से ही भक्ति मिलती है। राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं - सुनीति और सुरुचि। सुरुचि के पुत्र उत्तम को राजा गोद में बिठाते हैं, ध्रुव को नहीं। बालक ध्रुव को सौतेली माँ ने अपमानित किया। माँ सुनीति ने कहा - ₹बेटा, अगर गोद में बैठना है तो भगवान की गोद में बैठ। 5 साल का बालक ध्रुव जंगल में तपस्या करने गया। नारद जी ने ₹ॐ नमो भगवते वासुदेवाय₹ मंत्र दिया। कठोर तपस्या से भगवान विष्णु प्रसन्न हुए और ध्रुव को अटल पद का वरदान दिया,जो आज ध्रुव तारा के रूप में है। तीसरे दिन के अंत में हिरण्यकशिपु के पुत्र प्रह्लाद जी के जन्म की कथा शुरू होती है, जो चौथे दिन विस्तार से होती है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यथ कटनी डॉक्टर सुशील राय ,गोविंद सोनी, शिवा सोनी ,राजनारायण राय ,शिव कुमार राय,राम कुमार साहू , सिकदर साहू नेगाई, अर्जुन दहिया,कोठी साहू , हेमंत राय सैकड़ों भक्त की मौजूदगी रही ।

राष्ट्रीय राजमार्ग में हुये सड़क हादसे में बाइक सवार 3 युवक घायल

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र में शनिवार रात करीब 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में भर्ती कराया गया है। घटना विलायत कला पेट्रोल पंप के पास हुई। जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक विलायत कला गांव से चंदिया की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि वे बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरे। घायलों की पहचान चंदिया थाना क्षेत्र के सेमडारी गांव निवासी राम कोल, अमित कोल और बदल गोटिया के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निगमायुक्त ने करीब 6 घंटे तक मैराथन समीक्षा बैठक में कार्यों की ली टोह

एक्शन में आयुक्तः 3 कर्मचारियों की रोकी वेतनवृद्धि, अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निर्माण कार्यों में लापरवाही, अनावश्यक देरी अथवा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्ताशय के कड़े निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम कार्यालय में आयोजित लोक निर्माण शाखा के वार्डवार विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, जायेंद्र प्रताप सिंह बघेल, शैलेन्द्र प्यासी, राज ललित गुमास्ता, हिमांशु गौतम, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल सहित सभी समयपाल एवं लिपिकों की मौजूदगी रही।

लगभग पांच घंटे देर शाम तक चली मैराथन समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने वार्डवार स्वीकृत, प्रगतिरत एवं लंबित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और प्रत्येक कार्य की वास्तविक अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक में सही एवं अद्यतन जानकारी का पत्रक प्रस्तुत नहीं करने पर लोक निर्माण शाखा के तीन लिपिकों क्रमशः सुखदेव दुबे, श्रीमती नीलिमा झा एवं विलासा चौबे पर नाराजगी व्यक्त की जाकर एक एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, गलत जानकारी और जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब पाए जाने तथा अनुबंध एवं भूमिपूजन की कार्यवाही के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं करने के प्रकरणों में निगमायुक्त द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यों में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है अथवा लापरवाही बरती जा रही है, उनके विरुद्ध नियमानुसार तत्काल नोटिस जारी कर कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। गंभीर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाए।

निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों एवं गतिविधियों का रोजाना रिव्यू करें ताकि विकास कार्यों से संबंधित जानकारी व्यवस्थित एवं अद्यतन रूप से संधारित हो सके, उपयंत्री यदि मैदानी स्तर पर विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे तो समस्याओं का समय रहते निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा और विकास कार्यों में भी गति आएगी। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि प्रत्येक फाइल ई ऑफिस के माध्यम से ही ऑनलाइन चलाई जाए, शासन, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के पत्रों का अलग अलग रजिस्टर संधारित किया जाए। निगमायुक्त परिहार ने अधिकारियों को विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी शीघ्र पूर्ण कर समय-सीमा की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं समय सीमा के लंबित प्रकरणों पर भी नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर जानकारी पोर्टल में दर्ज करने हेतु लोक निर्माण शाखा के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

निगमायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों का सीधा संबंध नागरिकों की सुविधाओं और नगर के विकास से जुड़ा है। इसलिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों की जवाबदेही तय कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



कलेक्टर ने छाता के प्रगतिशील कृषक के खेत का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम छाता पहुंचकर प्रगतिशील कृषक सुंदरलाल वर्मन के खेत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कृषक द्वारा अपनाई जा रही मिश्रित खेती की पद्धति का अवलोकन किया और फसल विवधीकरण के माध्यम से कृषि आय बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, सहायक संचालक कृषि खेलावन डेहरिया, ऋषिका त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषक सुंदरलाल वर्मन लगभग 6 एकड़ भूमि में खेती कर रहे हैं। इसमें 3 एकड़ में धान तथा शेष 3 एकड़ में गन्ना, केला, अंजीर, चीकू, सेब, तेजपत्ता सहित विभिन्न फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। वे धान में वासमती एवं सुगंधा जैसी उन्नत किस्मों के साथ उद्यानिकी फसलों में केला, आम, सेब, आंवला, चीकू, नींबू तथा मसाला वर्ग की फसलों में दालचीनी, तेजपत्ता और सुपारी आदि का उत्पादन कर रहे हैं।

कृषक ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में एक ही फसल पर निर्भर रहने के बजाय मिश्रित खेती अपनाने से खेती में होने वाले जोखिम को कम किया जा सकता है और विभिन्न फसलों से अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही कृषक द्वारा दुग्ध उत्पादन के लिए उन्नत नस्ल की एचएफ गाय एवं भैंसों का पालन भी किया जा रहा है। खेत भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने कृषक द्वारा उत्पादित विभिन्न फसलों की जानकारी लेते हुए सुझाव दिया कि मिश्रित खेती के साथ किसी एक प्रमुख फसल का चयन कर उसके बेहतर विपणन एवं बाजार से सीधे जुड़ने की दिशा में कार्य किया जाए, जिससे कृषि से होने वाली आमदनी में और वृद्धि की जा सके।

जल निकासी के इंतजाम नहीं होने से वाहन चालक एवं राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी

सल्हना रेल्वे अंदर ब्रिज के नीचे पानी भरने से लोग परेशान, हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



सल्हना रेल्वे अंडरब्रिज में एक फुट पानी भरे होने व पानी की निकासी के कोई भी पुख्ता इंतजाम नही किये जाने से पैदल चलने वाले व दो पहिया वाहन चालकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सल्हना रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे अंडरब्रिज की जर्जर स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बेहद संकट की स्थिति बन चुकी है अंडरब्रिज के नीचे लगभग एक फुट गहरा पानी भरा हुआ है।

चिंताजनक बात यह है कि इस भरे हुए पानी को निकालने के लिए प्रशासन या संबंधित विभाग द्वारा पानी के निकालने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण यहाँ से गुजरने वाले लोगों को रोजाना आवागमन में बेहद परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है।जर्जर खस्ताहाल सड़क फिर भी जिम्मेदार मौनटूटी सड़क और पानी के नीचे छिपी नुकीली सरियाअंडरब्रिज की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क का कंक्रीट उखड़ने से लोहे की सरिया बाहर निकल आई हैं। जलभराव के कारण वाहन चालकों को पानी के नीचे बने गहरे गड्ढों और नुकीली सरिया का अंदाज़ा नहीं हो पाता, जिससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

लोगों ने समस्या के शीघ्र समाधान करने की मांग

स्थानीय निवासियों में शासन प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने प्रशासन से रेल्वे अंडरब्रिज में भरे पानी की निकासी की तत्काल व्यवस्था करवाने व जर्जर खस्ताहाल सड़क को सुधरवाने की मांग की है।बारिश या अन्य वजहों से जमा होने वाले पानी के कारण यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से तुरंत कदम उठाने की माँग की हैः अंडरब्रिज से पानी निकालने की स्थायी व्यवस्था की जाए। सड़क की मरम्मतः क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक कर गड्ढों को भरा जाए। बाहर निकली लोहे की सरिया को तुरंत हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए।

ग्रामीणों ने कहा कि ज़िम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है, या समय रहते सल्हना रेलवे स्टेशन अंडरब्रिज की इस बदहाली को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँगे? यदि व्यवस्थाएँ नही सुधरवाई जाएंगी तो ग्रामीण सड़क पर आकर उग्र विरोध करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

सामुदायिक भवन एवं गैबियन स्ट्रक्चर का किया निरीक्षण



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के .के .पाण्डेय ने ग्राम पंचायत पौनिया में सामुदायिक भवन एवं गैबियन स्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर के निर्देशानुसार केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आकलन करने जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री पाण्डेय ने पौनिया पहुंचकर सामुदायिक भवन एवं गैबियन स्ट्रक्चर की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपयोगिता पर ध्यान देते हुए आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की योजनाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण कराने तथा कार्यों की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर जनपद स्तरीय अधिकारियों का यह भ्रमण ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विजयराघवगढ़ में ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सार्थक संवाद के लिए प्रेरित करने के साथ नशे एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष अनिल पटेल, जिला युवा अधिकारी अवलोकित कुमार, विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, खेल विभाग की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती उमा चादर, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के ओम प्रकाश सोनी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विजयराघवगढ़ की प्राचार्य श्रीमती प्रतिभा बहेरिया तथा शिक्षक रवि कुमार बेन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत नशे एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर भाषण प्रतियोगिता तथा नशामुक्त भारत के समर्थन में नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने की सामूहिक शपथ ली। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार और सामाजिक बदलाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर कलेक्टर के निर्देश पर पहुंचा अमला

पशुपालन विभाग के गठित दल ने मौके पर गौवंश का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्राम बरन महगवा में गोवंश की तबीयत बिगड़ने की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर आशीष तिवारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पशुपालन विभाग के अमले को मौके पर पहुंचकर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशों के पालन में पशुपालन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चार दल गठित किए गए और बीमार गोवंशों का उपचार प्रारंभ किया गया। उपचार के बाद गोवंशों की स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ है।

विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

उपसंचालक पशुपालन विभाग श्रीमती नीता मनोचा ने बताया कि शनिवार सुबह ग्राम बरन महगवा के ग्रामीणों द्वारा गोवंशों के बीमार होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सालय खितौली में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. पटेल को तत्काल ग्राम बरन महगवा पहुंचकर उपचार प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बरही, विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा क्षेत्र में पदस्थ पशु चिकित्सा अमले तथा दो मोबाइल यूनिट के स्टाफ को भी तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रभावित गोवंश को समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

उपसंचालक पशुपालन के अनुसार पशु चिकित्सा विभाग की टीमें ग्राम बरनमहगवा पहुंचीं। यहां चार दल गठित कर प्रभावित गोवंश का उपचार प्रारंभ किया गया। पशु चिकित्सकों एवं विभागीय अमले द्वारा गोवंश की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय देखभाल की गई। उपचार की कार्यवाही शाम 6 बजे तक जारी रही।

दवा छिड़काव वाले खेत में चरने से बिगड़ी गोवंश की तबीयत

ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि कुछ गोवंश दवा का छिड़काव किए गए खेत में चारा एवं फसल चरने के लिए चले गए थे। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने की स्थिति सामने आई। सूचना मिलते ही पशुपालन विभाग के अमले ने बिना विलंब किए मौके पर पहुंचकर उपचार प्रारंभ किया।

जरूरतमंदों के लिए बड़ा सामाजिक संबल बनेगा नया सामुदायिक भवन

टैगोर वार्ड में 50 लाख रूपये के विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की पहल पर रवीन्द्रनाथ टैगोर में लगभग 50 लाख 15 हजार रुपये की लागत के विकास कार्यों को गति देते हुए क्षेत्रीय पार्षद विनोद लाला यादव, एमआईसी सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वार्ड की कन्याओं के करकमलों द्वारा विकास कार्यों का शुभारंभ कराया गया। इन कार्यों में सीसी सड़क निर्माण और सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल है,जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए भी उपयोगी आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी।

रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड में पड़रवारा शासकीय स्कूल से बल्लू नाई के घर तक तथा आदिवासी बस्ती में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 25 लाख 31 हजार रुपये की राशि निर्धारित की गई है। सड़क निर्माण से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ मार्ग की स्थिति में सुधार होगा। इससे क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों और अन्य राहगीरों को राहत मिलेगी। पक्की सड़क बनने से स्थानीय लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी और वार्ड की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

सामुदायिक भवन से सामाजिक गतिविधियों को मिलेगा स्थान

वार्ड में लगभग 24 लाख 84 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय नागरिकों को विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी स्थान उपलब्ध होगा। यह भवन वार्डवासियों की सामूहिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक बनेगा और क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करेगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि यह सामुदायिक भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा सामाजिक संबल है। इस भवन के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह है कि आर्थिक तंगी के कारण जो परिवार अपने घरों में छोटे-मोटे मांगलिक कार्य या सामाजिक बैठकें आयोजित करने में असमर्थ रहते हैं, उन्हें एक सुसज्जित और सर्वसुविधायुक्त मंच मिल सके। महापौर की इस पहल से अब हर तबके के नागरिक अपने आयोजनों को सम्मान और सहजता के साथ संपन्न कर सकेंगे।

पार्षद विनोद लाला (भुट्टू) यादव ने कहा कि वार्ड में स्वीकृत दोनों निर्माण कार्य अपने आप में महत्वपूर्ण हैं। पक्की सड़क बनने से लोगों का आवागमन आसान होगा, वहीं सामुदायिक भवन विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयोगी साबित होगा, जिन्हें निजी स्तर पर सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से वार्डवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने महापौर श्रीमती सूरी और नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसुविधाओं के विस्तार से जुड़ी यह पहल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्टता पर मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देशी गौवंश के संरक्षण, उन्नत नस्लों के संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना वर्ष 2026-27 संचालित की जा रही है। योजना के तहत उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक पात्र पशुपालक 28 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जिले के चार वृंदावन गांवों जरवाही, बरन महगवां, बहोरीबंद एवं दशरमन में योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इन गांवों के पात्र पशुपालकों से योजना में भाग लेने की अपील की गई है।

नस्लों के बीच होगी प्रतिस्पर्धा

योजना के अंतर्गत साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा, मालवी और निमाड़ी नस्लों की गायों के दुग्ध उत्पादन के आधार पर प्रतिस्पर्धा होगी। इसका उद्देश्य देशी नस्लों का संरक्षण, उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहन और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। निर्धारित विभागीय मापदंडों के अनुसार प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये दिया जाएगा।

पशु चिकित्सा संस्थानों से लें जानकारी

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कटनी डॉ. नीता मनोचा ने बताया कि पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी के लिए पशुपालक अपने क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी अथवा निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

कार्रवाई को लेकर उदासीन अधिकारी, बेतरतीब खड़े वाहनों से आए दिन लगता है जाम

नगर के मुख्य मार्गों पर समस्या का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



करीब 20 हजार की आबादी वाले नगर में यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। नगर के प्रमुख मार्गों पर बेतरतीब तरीके से खड़े दो और चार पहिया वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोग सड़क किनारे ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या के निराकरण के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा कई बार योजनाएं बनाने की बात कही गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है।

जबलपुर-दमोह के बीच होने से बढ़ा यातायात का दबाव

नगर जबलपुर और दमोह के मध्य स्थित है। जबलपुर की दूरी करीब 54 किलोमीटर और दमोह की दूरी 53 किलोमीटर है। वहीं सागर करीब 101 किलोमीटर तथा महाराजपुर करीब 60 किलोमीटर दूर है। इस कारण नगर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। यातायात का दबाव बढ़ने के बावजूद नगर में अब तक स्थायी पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो सकी है। खाली जगह दिखाई देने पर लोग वाहन खड़े कर देते हैं और कई बार घंटों तक वाहन वहीं खड़े रहते हैं।

साप्ताहिक बाजार के दिन बिगड़ती है स्थिति

मंगलवार को नगर में साप्ताहिक बाजार लगता है। इस दिन यातायात का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से तहसील तक तथा तारादेही तिराहे से विश्राम भवन तक सड़क के दोनों ओर बड़े वाहनों और अन्य वाहनों के खड़े रहने से आवागमन प्रभावित होता है। कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने तक की जगह नहीं मिलती। वाहन निकालने के लिए लोगों को सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाना पड़ता है।

वर्षों पुरानी समस्या, अब स्थायी समाधान की मांग

नगरवासियों का कहना है कि पार्किंग और यातायात की समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पार्किंग बनने तक वाहनों को खड़ा करने के लिए निश्चित स्थान तय किया जाए। सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों को पहले समझाइश दी जाए और नियमों का पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई की जाए इसके साथ ही सड़क किनारे किए गए कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटाए जाएं तथा पुलिस-प्रशासन द्वारा नियमित मॉनिटरिंग कर यातायात व्यवस्था पर नजर रखी जाए। नगरवासियों का कहना है कि यदि इन उपायों पर गंभीरता से अमल किया जाए तो जाम और अव्यवस्थित यातायात की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

पुलिस थाना मंदिर में विराजमान माताराणी की प्रतिमा का विसर्जन कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



शरद पूर्णिमा पर रविवार की देर शाम पुलिस थाना मंदिर में नवरात्रि की पंचमी पर विराजमान की गई दुर्गा महरानी की विसर्जन यात्रा में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत सैलाब उमड़ पड़ा। मां काली के अंतिम दर्शन और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंदिर समिति के सदस्यों पुलिस स्टाफ के साथ नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तिमय माहौल के बीच डीजे बैंड बाजा के साथ निकाली गई माताराणी की इस विशाल शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्ति-रस से सराबोर कर दिया, जो देर रात तक प्रमुख मार्गों से होकर सुनार नदी के नाव घाट पहुंची जहां पर आरती पूजन कर नम आंखों से माता रानी को विसर्जित किया गया। पारंपरिक और भव्य विसर्जन यात्रा मंदिर चौराहा से प्रारंभ हुई जो राय चौराहा होते हुए कोपरेटिव बैंक चौराहे से बड़ा बाजार से नाव घाट पहुंची। विसर्जन यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा माता का भव्य स्वागत किया गया और गगनभेदी जयकारों से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस पूरी विसर्जन यात्रा में सजी भव्य माता की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, डीजे की धार्मिक धुनों पर युवाओं के साथ-साथ माताओं और बहनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के दौरान हर आयु वर्ग के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विसर्जन यात्रा में कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। नगर निरीक्षक सुधीर बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौजूद रहीं। विसर्जन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी सुधीर बेगी समिति अध्यक्ष डॉ संजय सिंह राजपूत, बबलू राय, आशीष पुरानी, आरक्षक विजय, पवन साहित्य समस्त स्टाफ व समिति के सदस्यों और माता के भक्तों की उपस्थिति रही।

वोट बचाओ देश बचाओ को लेकर होगी दिल्ली में ऐतिहासिक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



वोट बचाओं देश बचाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में पधारे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव अमित सुंभाष राव झनक उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने भारतीय निर्वाचन आयोग के सहयोग से लगभग साढ़े तेरह करोड़ की वोट चोरी करके कई प्रदेशों में अपनी सरकार बना ली उसी को लेकर वह दमोह जिले के कार्यकर्ताओ से अनुरोध करने आये है कि 1 नवम्बर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लाक द्वारा ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी भी दमोह जिले से सर्वाधिक भागेदारी सुनिश्चित करे। पूर्व मंत्री द्वय लखन घनघोरिया एवं हर्ष यादव ने भी कहा कि बिना भौतिक सत्यापन के निर्वाचन आयोग द्वारा किसी को मताधिकार से वंचित करना लाजिमी नही है। एक वोट देश की सत्ता का हस्तांतरण कर देता है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि पहले विधानसभा लोकसभा चुनाव में हार जीत हुई किन्तु वर्तमान में लाखों से भाजपा प्रत्याशी जीते है वह अप्रत्याशित है कही न कही डाका तो हुआ है। दमोह प्रभारी अतुल बाजपेई, पथरिया संजय पटेल, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, महेन्द्र प्रताप सींग, प्रदीप खटीक, ब्रजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र दवे, लक्ष्मण सींग नितिन मिश्रा, तिलक सींग, रोहन पाठक, वीरेन्द्र राजपूत, परम यादव, बबलू भटट, कमला निषाद, रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, लालचंद राय, के.के. वर्मा, शाहिद नूर, विजय बहादुर सिंह, दृगपाल सींग, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, डालचंद कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, अनूप दबे, संदीप बरदिया, अजय जाटव ने भी कहा वार्ड एवं पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार करके जितनी भी ज्यादा से ज्यादा होगा दिल्ली पहुंचेगै। इस अवसर पर तेन्दूखेड़ा से आये नीलेश यादव, तुला यादव, कृष्णा यादव, जबेरा से गोविन्द तिवारी, ओ.पी. शर्मा, अखिलेश सोनी पथरिया से, प्रदीप पटेल, भरत श्रीवास्तव, रत्नेश सोनी, पिंकी दुबे हटा से गोलू सराफ, दीपेश पटेरिया, रामनाथ राय ने भी अपने अपने ब्लाक से दिल्ली पहुंचने की बात कही। साथ ही जिला स्तर पर वोट चोरो को सबक सिखाने की बात वही कार्यकर्ता सम्मेलन में नगर के पार्षद विक्रम ठाकुर, राजा रौतेला, जीशान पठान, संजय सेठ, रफीक खान, अफजल खान, अमर राजपूत, शैलेन्द्र सिह, रमेश राठौर, गोपाल मास्टर सहित जिले के अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही। अन्त में समस्त कांग्रेसजनों ने अम्बेडकर चौक पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण संपन्न



तेंदूखेड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा के नेतृत्व में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन द्वारा सेक्टर तेंदूखेड़ा अंतर्गत वृंदावन रेस्टोरेंट में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन एवं शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, विकासखंड समन्वयक दीपचंद मालवीय, राजेश अहिरवार, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि पवन कुमार यादव, रामकुमार राय सहित विभिन्न ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक द्वारा ग्रामीण विकास, विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा प्रस्फुटन समितियों के दायित्वों और कार्यों की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने जन अभियान परिषद का परिचय, कार्यप्रणाली, राज्य स्तरीय ढांचा, प्रस्फुटन योजना, वार्षिक कार्ययोजना एवं प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने समितियों के कार्यों को व्यवस्थित करने, गतिविधियों का प्रतिवेदन तैयार करने, लेखा-जोखा रखने, दस्तावेजीकरण करने तथा प्रस्फुटन ऐप पर गतिविधियों को अपलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित कर ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया परामर्शदाता सविता पाल ने सीएमसीएलडीपी, एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में बमोरी, संसागा, बगदरी, धनगौर, बदीपुरा सहित अन्य ग्रामों की समितियों के सदस्यों ने सहभागिता की प्रशिक्षण के दौरान सदस्यों को ग्राम विकास एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर ग्रुप डिस्कशन आयोजित कर सभी समितियों ने बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में संस्था प्रमुख पवन कुमार यादव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में धर्मदास पाल, दशरथ पाल, उमाकांत राय, धर्मेंद्र जैन, परमलाल यादव, अजीत कुमार, गोविंद सिंह सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

अनमोल यादें कार्यक्रम में सत्येंद्र साहू की पुस्तक'ने करो-15' का विमोचन



दमोह। दमोह के लेखक सत्येंद्र तुलाराम साहू द्वारा लिखित प्रेरणादायी पुस्तक 'ने करो-15' का भव्य विमोचन भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित' अनमोल यादें कार्यक्रम में किया गया। सदी के स्वर-सम्राट एवं युगपुरुष स्वर्गीय मुकेश, मोहम्मद रफी, आशा भोसले लता जी के अमर गीतों को समर्पित इस सुरमई संध्या में पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने कियज्ञं एंजेल म्यूजिकल ग्रुप एवं देवोत्तर सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में आईजी आई पी कुलश्रेष्ठ जी डा. सुश्री मधु चौधरी ,रामबाबू शर्मा,सिंगर ओम चतुर्वेदी मुंबई, आर.के. शर्मा, आशीष दुबे, मनीषा शर्मा, राजीव वर्मा एवं आशु खान, विपिन शर्मा ने पुस्तक का विमोचन किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य,कला एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश भाजपा सरकार की मंत्री कृष्णा गौर ने मुम्बई से कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई और इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। लेखक सत्येंद्र तुलाराम साहू ने बताया कि 'ने करो' की यात्रा नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने के उद्देश्य से शुरू हुई थी।पाठकों के स्नेह, सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन के चलते प्रथम संस्करण से लेकर 14वें संस्करण तक का सफर सार्थक और प्रेरणादायी रहा।इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अब 'ने करो-15' पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।नेकरो 15 के स्पांसर फूलचंद साहू रिटायर्ड सिचाई निरीक्षक जल संसाधन विभाग मप्र शासन, फ्रंट पेज आशुतोष वर्मा ने बनाया और बेक कबर नेहा साहू ने बनाया। उन्होंने कहा कि पाठकों का स्नेह और आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो बहुत जल्द 'ने करो-16' भी प्रस्तुत किया जाएगा।उन्होंने बताया कि आगामी 16वें संस्करण का विमोचन जल्द ही रविंद्र भवन,भोपाल में कार्यक्रम में किया जाएगा।इस अवसर पर महेंद्र कपूर के पुत्र रोहन कपूर सहित मुंबई से आने वाली फिल्मी हस्तियां मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में आशीष दुबे,आर.के. क्रिएशन के आर.के. शर्मा, मोहन धाकड़, राजीव वर्मा, राजेश तिवारी, दिनेश शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, असीम दुबे, यश अग्रवाल, डा मणि सक्सेना, मनोहर छाबरिया, फाल्गुनी पुरोहित, विदुषी वर्मा, शोहेब खान, मुकेश कटारे, मनीष विजयवर्गीय, संतोष जी एवं गौरव वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।'ने करो-15' का विमोचन न केवल मप्र के साहित्य जगत के लिए उपलब्धि है बल्कि यह लेखक सत्येंद्र साहू की सकारात्मक सोच और लेखन के प्रति निरंतर समर्पण की यात्रा का भी महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

कलचुरी महासभा के प्रमोद राय बने पथरिया विस क्षेत्र के अध्यक्ष

दमोह। जिला कलचुरी महासभा की बैठक का आयोजन रविवार को महासभा के अध्यक्ष संजय राय के निवास पर संपन्न हुई जहां पर सर्वसम्मति से प्रमोद राय फुटेरा वालों को पथरिया विधानसभा क्षेत्र का कलचुरी महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ राजीव राय , जयकांत राय डॉ राकेश राय, मोहन राय, डालचंद राय, विमल राय, मुकेश राय, मनोज राय सहित समाज के अनेक लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

महाराजा दमघोष जयंती पर चंद्रवंशीय क्षत्रिय घोषी समाज का आयोजन आज

तेंदूखेड़ा। चंद्रवंशीय क्षत्रिय घोषी समाज तेंदूखेड़ा (जबेरा) के तत्वावधान में महाराजा दमघोष जयंती समारोह का आयोजन आज 26 अक्टूबर, सोमवार को किया जाएगा। समारोह में सामाजिक सभा, चल समारोह के साथ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे चौरई स्थित खेरमाता मंदिर में महाराजा दमघोष के पूजन एवं एकत्रीकरण के साथ होगा। इसके बाद सुबह 11:30 बजे आरुष स्कूल तेंदूखेड़ा से चल समारोह प्रारंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगा दोपहर 1 बजे से सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शाम 4:30 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने चौरई, तेंदूखेड़ा, जबेरा, पाटन, खकरिया, रामादेही, तारादेही, सारसबगली, सुरई, बम्हौरी, नयागांव एवं खमरिया सहित आसपास के क्षेत्रों से समाज के सभी बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

प्रस्फुटन समितियों का त्रैमासिक प्रशिक्षण संपन्न



सिंग्रामपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सेक्टर सिंग्रामपुर के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत भवन में प्रस्फुटन समितियों का त्रैमासिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनके दायित्वों और कार्यों की जानकारी देकर ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती बंदना जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए समितियों की भूमिका को प्रभावी बनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में जनभागीदारी के महत्व पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जय साँई शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति, कुसमी मानगढ़ के अध्यक्ष सचेंद्र रजक, मेंटर हीरालाल सेन, अशोक विश्वकर्मा, गोविंद ठाकुर, अभय राय, अमित, शिखा सेन, लक्ष्मी पटेल, अनिल सिंह, सुग्रीम एवं सीमा अहिरवार सहित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। प्रशिक्षण के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने ग्राम विकास के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

व्यापारियों ने बना लिया हजारों क्विंटल का अवैध स्टॉक

तेंदूखेड़ा में धान की कालाबाजारी : त्योहार से पहले किसानों की मजबूरी का उठा रहे फायदा

रात के अंधेरे में गोदामों में पहुंच रही धान, खरीदी केंद्रों पर सांठगांठ कर समर्थन मूल्य पर खपाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा और आसपास के ग्रामीण अंचलों में धान की अवैध खरीदी और कालाबाजारी का खेल खुलेआम चल रहा है। शासकीय समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने से छोटे किसान आर्थिक तंगी और दीपावली जैसे बड़े त्योहार के खर्चों के चलते अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं, और इसी मजबूरी का फायदा उठाकर नगर के कुछ व्यापारी हजारों क्विंटल धान का अवैध स्टॉक कर चुके हैं

दिन में गांव-गांव घूमकर खरीद, रात में गोदामों में स्टॉक

ग्रामीणों के अनुसार व्यापारियों ने अपने एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों में छोड़ रखे हैं ये एजेंट दिनभर गांव-गांव घूमकर छोटे किसानों से 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे हैं, जबकि शासन का समर्थन मूल्य इससे काफी अधिक है खरीदी के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप वाहनों से रात के अंधेरे में इस धान को नगर के गोदामों में लाकर स्टॉक किया जा रहा है।

क्यों सस्ते में बेच रहा किसान

किसानों ने बताया कि उन्हें तत्काल नकद की जरूरत है। रहम छोटे किसान हैं, 2 से 10 एकड़ वाले शरद पूर्णिमा, करवाचौथ, धनतेरस और दीपावली सिर पर है। घर में रंगाई-पुताई, कपड़े-लत्ते और बच्चों के खर्चे हैं। शासन की खरीदी में अभी देरी है और पैसा आने में 15 दिन और लगेंगे व्यापारी नगद दे देता है, न कचरा-छंटाई का झंझट, न हम्माली-भाड़ा इसलिए मजबूरी में बेचना पड़ रहा है। अगर इंतजार किया तो त्योहार पर घर में कलह होगी और साहूकारों की बातें सुननी पड़ेंगी



दूसरा बड़ा खेल - केंद्रों पर खपाने की तैयारी

किसानों ने सबसे गंभीर आरोप खरीदी केंद्रों को लेकर लगाया है। उनका कहना है कि व्यापारी जो कचरा युक्त, काले दाने वाली धान सस्ते में खरीदकर स्टॉक कर रहे हैं, उसे बाद में खरीदी केंद्र प्रभारियों से सांठगांठ कर रात में बोरियों में पैक कर समर्थन मूल्य पर तुलवा देंगे

जिन किसानों से सस्ते में धान खरीदी गई है, उन्हीं के पंजीयन पर यह धान शासन को बिकी हुई दिखाई जाएगी सेटिंग के चलते केंद्रों पर असली किसानों से पहले व्यापारियों की यह दो नंबर की धान तौल ली जाती है इससे व्यापारी और केंद्र प्रभारी दोनों को मोटा मुनाफा होता है और छोटे किसान को दोहरा नुकसान।

प्रशासन मौन, कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा गोरखधंधा प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन समय रहते कालाबाजारी पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। इससे शासन को भी राजस्व का नुकसान और किसानों को आर्थिक चोट पहुंच रही है। किसानों ने जिला प्रशासन और कृषि विभाग से मांग की है कि त्योहारों को देखते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शीघ्र शुरू की जाए, नगर में बने अवैध स्टॉकों की जांच कर जब्ती की कार्रवाई की जाए और खरीदी केंद्रों पर बिचौलियों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए।

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



दमोह। रविवार को म.प्र.लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक पूर्व उप प्रांताध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज चौबे, संरक्षक धरमदास रोहित की अध्यक्षता में शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि हमारे साथी प्रीतम अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, भगवती शरण चौबे, शोभा रैकवार, अयाज खान, कृषि विभाग आरिफ खान कलेक्ट इन कर्मचारियों की चतुर्थ श्रेणी से पदोन्नत कर सहायक ग्रेड 3 बनाया। इन सभी का फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बिन्दु बार चर्चा की गई जिसमें पदोन्नति, क्रमोन्नति, पदनाम परिवर्तन, ग्रेड पे एवं अंशकालीन सफाई कर्मी, रसोईया, कार्यभारित आउटसोर्स, चौकीदार इन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए और सभी कर्मचारियों का माह नबम्वर का वेतन दीपावली होने के कारण सभी का वेतन धनतेरस के पहले भुगतान किया जाए। जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अहिरवाल ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रांताध्यक्ष महेन्द्र शर्मा से चर्चा कर जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। बैठक में सह सचिव सदन कटारया, उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, जवेरा तहसील अध्यक्ष अरविन्द अहिरवार, उपाध्यक्ष नारायण सिंह मरावी, देवीदीन अहिरवार, कृष्ण बंसल, बलदेव रैकवार, अमित अहिरवार, आरिफ खान उर्दू , राजकुमार अहिरवार एवं समस्त कर्मचारी गण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का सह सचिव सदन कटारया द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

भाजपा दीनदयाल उपाध्याय मंडल के बूथों पर सुनी मन की बात

दमोह। भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें संस्करण का मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर श्रवण किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया 'मोनू' के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया 'मोनू' ने बजरिया वार्ड 5 में बूथ अध्यक्ष सुनील राठौर के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। इसी क्रम में मंडल महामंत्री अरुण सोनी एवं महेंद्र अहिरवार, मंडल उपाध्यक्ष आशीष राय, विकास जैन, श्रीमती गायत्री वंशवर्ती एवं श्रीमती राधा सोनी, मंडल मंत्री राहुल पाठक, श्रीमती रितु पांडेय, श्रीमती रेनू रजक, श्रीमती आरती राय, राहुल ताम्रकार एवं अभिषेक सोनी, मंडल कोषाध्यक्ष हरिशंकर पाठक, सह कोषाध्यक्ष सुनील रोहित, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे, मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता पन्नालाल लखेरा एवं करन सूर्यवंशी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ केंद्रों पर कार्यक्रम सुना।

कुंडलपुर में गुरु परंपरा समर्पण समारोह में गूंजा गुरु निष्ठा, विनय और त्याग का संदेश

गुरु के आदर्शों को जीवन में उतारना ही सच्ची गुरु भक्ति, समर्पित साधकों और दानवीर परिवारों के योगदान का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डलपुर





सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में बड़े बाबा की पावन धरा पर आयोजित गुरु परंपरा समर्पण समारोह में संतों ने गुरु निष्ठा, विनय, त्याग और समर्पण का संदेश देते हुए गुरु के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। देश के विभिन्न नगरों से पहुंचे श्रेष्ठियों और श्रद्धालुओं ने वर्तमान संघनायक आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के प्रति श्रद्धा अर्पित कर आचार्य परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की आध्यात्मिक विरासत, सामाजिक प्रकल्पों तथा उनके उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले समर्पित साधकों, कार्यकर्ताओं और दानवीर परिवारों के योगदान को रेखांकित किया गया।

गुरु परंपरा विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प

निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि गुरु परंपरा केवल किसी आयोजन का नाम नहीं, बल्कि गुरु के विचारों, आदर्शों, साधना और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प है। भगवान महावीर और गणधर गौतम स्वामी से लेकर आचार्य कुंदकुंद स्वामी तथा वर्तमान आचार्य परंपरा तक जैन धर्म ने त्याग, तपस्या और वीतरागता की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखा है। आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज ने विषम परिस्थितियों में दिगंबर मुनि परंपरा को नई चेतना दी, वहीं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने अपनी साधना, विचारों, चर्या और सामाजिक प्रकल्पों से इस परंपरा को व्यापक पहचान दिलाई।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के मार्गदर्शन में आगे बढ़े हथकरघा, भाग्योदय, पूर्णायु, दयोदय महासंघ गौशाला, शांतिधारा दुग्ध योजना और प्रतिभास्थली जैसे प्रकल्प समाज में सेवा, स्वावलंबन और संस्कारों के केंद्र बने। गुरु के प्रति श्रद्धा तभी सार्थक होती है, जब उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके उद्देश्यों को जीवन में उतारा जाए।

उन्होंने कहा कि समारोह का उद्देश्य केवल नए कार्यों का शुभारंभ करना नहीं, बल्कि उन ब्रह्मचारी भाई-बहनों, त्यागीवृत्ति के लोगों, गृहस्थ कार्यकर्ताओं और दानवीर परिवारों के योगदान का सम्मान करना भी है, जिन्होंने अभावों और कठिन परिस्थितियों के बीच गुरु के मिशन को आगे बढ़ाया। अनेक लोगों ने दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं दीं, तो कुछ ने जेलों में जाकर कैदियों के बीच संस्कार एवं सुधार का कार्य किया। दानवीर परिवारों ने लाखों-करोड़ों रुपये का सहयोग देकर धार्मिक और सामाजिक प्रकल्पों को गति दी। ऐसे लोगों का सम्मान उनकी निस्वार्थ सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है।

मुनि श्री ने कहा कि हम सभी के प्रेरणास्रोत आचार्य श्री समयसागर जी महाराज हैं और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं। धार्मिक विधान और पूजन का अपना महत्व है, लेकिन गुरु के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वालों का सम्मान भी बड़े धार्मिक अनुष्ठानों के समान महत्वपूर्ण है। सम्मान के अवसर पर चंदन लगाकर अभिनंदन, प्रशस्ति पत्र और गुरु के नाम पर पौधा भेंट करने की योजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

गुरु के प्रति समर्पण आचरण में दिखाई देना चाहिए

मुनि श्री पवित्रसागर महाराज ने कहा कि गुरु का सान्निध्य और मार्गदर्शन जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। शिष्य को गुरु की शिक्षाओं को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने राजेश रेड्डी की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरे कागज पर आंसू की एक बूंद गिरने से पत्र मुकम्मल हो जाता है। समर्पण की इससे बेहतर अभिव्यक्ति नहीं हो सकती। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने अपनी साधना से जो अर्जित किया, वर्तमान पीढ़ी को वह विरासत के रूप में प्राप्त हुआ है। आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के व्यक्तित्व और साधना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु को समझने के लिए गहरी श्रद्धा और समर्पण की आवश्यकता है। सच्ची गुरु निष्ठा केवल अनुकूल परिस्थितियों में नहीं, बल्कि कठिन समय में भी दिखाई देती है। अहंकार छोड़कर गुरु के बताए मार्ग पर चलना ही वास्तविक समर्पण है।

एकलव्य के उदाहरण से समझाया गुरु समर्पण

ऐलक श्री निश्चय सागर महाराज ने गुरु भक्ति और समर्पित शिष्यत्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के उपकारों को स्मरण रखना, उनके आदर्शों का अनुसरण करना और उनके मार्ग से विचलित न होना ही सच्ची गुरु भक्ति है। गुरु परंपरा तभी जीवंत रहती है, जब शिष्य शिक्षाओं को अपने व्यवहार में अपनाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। ऐलक श्री तन्मय सागर जी महाराज ने गुरु परंपरा समर्पण का आशय बताते हुए कहा कि गुरु के उपदेश को आदेश मानकर स्वीकार करना ही समर्पण है। उन्होंने द्रोणाचार्य और एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि समर्पण की भावना एकलव्य से सीखी जा सकती है। गुरु के प्रति निष्ठा और त्याग के भाव को जीवन में उतारना आवश्यक है।

40 से अधिक झांकियां, हजार से ज्यादा निबंध प्राप्त

समारोह के अंतर्गत आयोजित झांकी प्रतियोगिता में विभिन्न नगरों से 40 से अधिक झांकियां प्रदर्शित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक निबंध प्राप्त हुए, जिनमें कमियों के कारण सैकड़ों निबंध अस्वीकृत किए गए। प्रतियोगिता में विदेशों से भी निबंध प्राप्त हुए। प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। झांकी प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम गौशाला पवई को 1 लाख, द्वितीय महिला मंडल पलंदी मंदिर को 71 हजार, तृतीय हर्षिता बजाज पटेरा को 51 हजार का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ सहित कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में गुरु भक्त उपस्थित रहे। समारोह ने गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा, विनय, त्याग और सामाजिक सेवा के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की।

घाटे में किसानः उत्पादन कम फिर भी नहीं बढ़े सोयाबीन के दाम

दगा दे गया पीला सोनाः 13 बीघा में 90 हजार लागत आई, निकला 9 क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

कृषि उपज मंडी में दशहरे के अवकाश के बाद मंडी खुली, लेकिन किसानों को उम्मीद के मुताबिक सोयाबीन के दाम न मिलने से निराशा हाथ लगी।

मौसम में बदलाव और सोयाबीन में रोगों के कारण किसानों को उत्पादन लेने के लिए दो से तीन बार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना पड़ा। जिससे लागत बढ़ गई, लेकिन किसानों को उम्मीद के मुताबिक सोयाबीन के दाम नहीं मिल रहे हैं।

दो से तीन बार कीटनाशक का छिड़काव किया

सोयाबीन का 2172 और 2117 बैरायटी का बीज किसानों को धोखा दे गया। इस बीज की बोवनी करने वाले हटा क्षेत्र के ज्यादातर किसानों को नुकसान ही उठाना पड़ा है। पौधों में रोग अधिक लगने के कारण उत्पादन घट गया और किसानों की लागत तक नहीं निकल पाई है।

वैसे तो किसानों ने एक बीघा में तीन क्विंटल तक सोयाबीन का उत्पादन लिया है, लेकिन यह दोनों बैरायटी का बीज बोने वाले किसान एक और दो क्विंटल बीघा के हिसाब से ही उत्पादन ले पाए। जिससे किसान लाभ तो नहीं ले पाए उल्टा तीन महीने की मेहनत और बेकार चली गई।

4 बीघा में 42 हजार रु. लागत लगाई सोयाबीन निकला सिर्फ तीन क्विंटल-

तहसील के रसीलपुर ग्राम के किसान प्रशांत पटेल ने बताया कि उन्होंने 4 बीघा के खेत में सोयाबीन की बोवनी की थी। शुरू से आखिर तक 42 हजार रुपए की लागत आई। आखिर में सिर्फ तीन क्विंटल सोयाबीन निकला। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जिन किसानों ने 2172 और 2117 बैरायटी का बीज बोया था, सभी किसानों की ऐसी ही हालत रही है।

90 हजार लागत लगाने के बाद 5150 रुपए क्विंटल में बेचना पड़ा सोयाबीन-

भरोटा गांव के किसान ने राजा सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने 13 बीघा में सोयाबीन बोया था और 90 हजार रुपए लागत लगाई थी।

कटाई के समय सिर्फ 9 क्विंटल सोयाबीन ही निकला जिसे 5150 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मंडी में बेचा। उन्होंने बताया कि उत्पादन कम होने के बाद भी उम्मीद के मुताबिक भाव मंडी में नहीं मिले।

भैंस चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक भैंस बरामद

पटेरा/दमोह। पटेरा थाना पुलिस ने ग्राम फतेहपुर में दो भैंस चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई एक भैंस बरामद की है। दूसरी भैंस की तलाश जारी है।जानकारी के अनुसार, ग्राम फतेहपुर निवासी भानु यादव ने 12 अक्टूबर 2026 को दो भैंस चोरी होने की रिपोर्ट पटेरा थाने में दर्ज कराई थी। हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी रचना मिश्रा एवं पुलिस स्टाफ ने कार्रवाई करते हुए नाथू यादव (52), पिता दरबारी यादव, निवासी ग्राम पिपरिया तथा लुक्रम यादव, पिता आनंदी यादव, निवासी ग्राम चीलघाट, थाना कुम्हारी को गिरफ्तार किया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक भैंस बरामद कर जब्त की है। थाना प्रभारी रचना मिश्रा के अनुसार, कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भैंस फरियादी को वापस दिलाई जाएगी। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि दूसरी भैंस की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

44 वाहनों के चालान काटे, 10 ई-रिक्शा जब्त

दमोह। यातायात नियमों के उल्लंघन पर दमोह यातायात पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 44 वाहनों के चालान काटे और 40,100 रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला। वहीं, वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर 10 ई-रिक्शा जब्त कर थाना परिसर में खड़े कराए गए।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर मार्को और निरीक्षक आकांक्षा जोशी के नेतृत्व में हटा नाका चौराहा तथा यातायात थाना के सामने चेकिंग की गई। इस दौरान नियम विरुद्ध संचालित 17 ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 30,500 रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया।दमोह पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय वैध दस्तावेज साथ रखने की अपील की है।

वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का सम्मान,कराया गया भोजन



दमोह। असाटी समाज दमोह द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर असाटी दिवस के उपलक्ष्य में दमोह स्थित वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें असाटी दिवस मनाया गया।इस दौरान वृद्धजनों का सम्मान कर उन्हें फलाहार, नाश्ता एवं भोजन कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम में असाटी समाज के महिला-पुरुषों एवं युवाओं ने पूजा-अर्चना कर समाज की एकता, प्रेम और सहयोग का संदेश दिया। समाज बंधुओं ने गीत-संगीत एवं सहभोज के साथ उत्सव मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन वृद्धजनों के प्रति सम्मान, सेवा और मानवीय संवेदनाओं को समर्पित रहा। इस अवसर पर असाटी समाज महासभा एवं दमोह समाज कमेटी के पदाधिकारी युवा, महिला, वरिष्ठ जन उपस्थित थे। वहीं राजेंद्र असाटी चंदू का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

श्रृष्टि की अंतिम ध्वनि ओम थी- आरती राजदान....

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

रॉयल दमयंती पैलेस में आयोजित चार दिवसीय ओशो महोत्सव सीजन-4 के दूसरे दिनरविवार की शुरुआत डायनेमिक ध्यान से हुई। इस दौरान देश के अलग-अलग शहरों से आए ओशो संन्यासियों ने ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास किया। ओशो की वाणी, गोंग साउंड हीलिंग और बांसुरी की मधुर धुनों के बीच साधकों ने ध्यान के माध्यम से स्वयं से जुड़ने का अनुभव किया। इससे पहले रुड़की से आए ओशो संन्यासी स्वामी सागर ने ध्यान की पांच विधियों के बारे में बताया। उन्होंने ओशो की वाणी के साथ संन्यासियों को ध्यान कराया। इसके बाद मुंबई से आईं मां आरती राजदान ने ओमकार ध्यान का सत्र लिया। करीब एक घंटे चले इस सत्र में गोंग साउंड हीलिंग, बांसुरी की धुन और उनके स्वयं के स्वर के माध्यम से ध्यान कराया गया।



सृष्टि की पहली प्रतिध्वनि ओम थीःमां आरती राजदान ने ओमकार के महत्व को समझाते हुए कहा कि ओम ऐसा शब्द है, जिसे किसी ने गढ़ा नहीं, बल्कि यह अस्तित्व में पहले से ही गूंज रहा है। बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी इसकी खोज में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब सृष्टि अस्तित्व में नहीं थी, तब केवल शून्य था। उस शून्य में जो पहली प्रतिध्वनि गूंजी, वह 'ओम' थी। ओमकार ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की शांति और चेतना से जुड़ सकता है। ध्यान, प्रेम और करुणा को प्राथमिकताः सागर से आए ओशो संन्यासी योगी ने साधकों को ध्यान की विभिन्न विधियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ओशो की ध्यान पद्धति व्यक्ति के आंतरिक विकास की यात्रा है। इसमें ध्यान के साथ प्रेम और करुणा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने ओमकार ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में डीजे सुभाष सोलंकी भी शामिल हुए और उन्होंने ध्यान साधना में भाग लिया। इस मौके पर चंद्रशेखर राय, मनोहर काजल, मां अग्नि साक्षी, आंदन बोधि सहित अनेक सन्याशी मौजूद थे।

पुलिस ने की पिकअप गाड़ी जप्त

नकली खाद बिक्री की सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत



गैसाबाद। एक ओर जहां किसानों को खाद बड़ी मुश्किल से प्राप्त हो पा रही है वहीं दूसरी ओर नकली खाद बिक्री होने की खबर प्रकाश में आई है जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार 24 अक्टूबर की रात करीब 8: बजे ग्राम के ही निवासी निखिल जैन द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई की ग्राम के मुस्लिम मोहल्ला में मस्जिद के पास एक पिकअप गाड़ी से जिसका नंबर MP- 34 -Z E 60 97, में खाद भरी हुई है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने मौका पर पहुंच कर गाड़ी को जप्त किया ,उक्त मामले का गैसाबाद पटवारी द्वारा मौका पर पहुंचकर पंचनामा भी बनाया गया। शिकायतकर्ता निखिल जैन ने हरिभूमि को बताया कि, पहले मैंने खाद्य विभाग को 1552 53 नंबर पर फोन करके शिकायत दर्ज कराई इसके बाद शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई और वहीं से यह शिकायत 112 नंबर पुलिस थाने पर फारवर्ड की गई। इस पूरे मामले पर जब उच्च अधिकारियों से बात की गई तो, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा का कहना है कि यह मामला खाद्य अधिकारी के अधिकार क्षेत्र का है इसलिए इस मामले पर वही कार्यवाही करेंगे। जबकि तहसीलदार हटा का कहना है कि मामले की जांच करके डॉक्यूमेंट देखकर ही जैसा उचित होगा वैसी कार्यवाही की जाएगी।

शरद पूर्णिमा पर आस्था का सैलाब, महिलाओं ने रखा व्रत, मावा के लड्डुओं का लगाया भोग

मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना, चंद्रमा की रोशनी में खीर रखकर किया चंद्र दर्शन



हटा। शरद पूर्णिमा का पावन पर्व नगर में बड़े ही श्रद्धा भाव और परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। शरद ऋतु की इस पावन रात्रि पर सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान श्री कृष्ण और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मावा के लड्डुओं का लगा भोग-

महिलाओं ने सुबह से व्रत रखकर शाम को चंद्रमा के उदय होने पर पूजा की। पूजन में मावा के लड्डू, खीर, बताशे और पंचमेवा का विशेष भोग लगाया गया। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और इस दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं, इसलिए इस दिन मावा और दूध से बनी वस्तुओं का भोग लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है।

मंदिरों में गूंजे भजन-कीर्तन-

शरद पूर्णिमा के अवसर पर नगर के रामगोपाल जी मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, बालाजी मंदिर में विशेष सजावट की गई थी वहीं बालाजी मंदिर में भगवान को मंदिर की बाहर आकर्षक साज सज्जा कर विराजमान किया गया जहां पर नगर की महिलाओं ने श्रद्धा भाव के साथ पहुंचकर मावा के लड्डुओं का भोग लगाकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं को खीर एवं दूध का प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा हटा के मंदिरों में शाम से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ लक्ष्मी पूजन कराया। कई मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया। कौशलाधीश सेन मंदिर परिसर में महिलाओं ने एकत्रित होकर कथा सुनी और एक-दूसरे को शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

खीर रखकर किया चंद्र दर्शन

शरद पूर्णिमा की एक विशेष परंपरा के अनुसार कई घरों में खीर बनाकर छत पर चंद्रमा की रोशनी में रखी गई। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है जो खीर में समाहित हो जाता है। देर रात तक महिलाओं और परिवारजनों ने चंद्र दर्शन कर व्रत का पारण किया। पूरे नगर में शरद पूर्णिमा का पर्व हर्ष, उल्लास और भक्ति के साथ संपन्न हुआ।

दरअसल हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इसे कोजागिरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि वर्ष में इसी दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी रात्रि भगवान श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसने की मान्यता के कारण खीर बनाकर उसे रातभर चांदनी में रखने की परंपरा भी प्रचलित है।

वृंदावन ग्राम में 30 और 31 अक्टूबर को होगी गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता

दूध उत्पादन में उत्कृष्ट गायों के पशुपालकों को मिलेंगे 1 लाख तक के पुरस्कार, 28 अक्टूबर तक कराएं पंजीयन

रनेह। गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत ग्राम वृंदावन, रनेह में 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 को दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से अधिक दूध उत्पादन करने वाली गायों के पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पशु चिकित्सा अधिकारी हटा, डॉ. बृजेंद्र असाटी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गाय का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 6 लीटर या उससे अधिक होना आवश्यक है। इच्छुक पशुपालकों को निर्धारित आवेदन पत्र भरकर 28 अक्टूबर 2026 तक पशु चिकित्सालय में जमा करना होगा। प्रतियोगिता में केवल वृंदावन ग्राम रनेह के पात्र पशुपालक ही भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं कांकरेज जैसी भारतीय देशी नस्लों की गायों को शामिल किया जाएगा। विदेशी नस्ल की गायें प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगी। इस संबंध में पशु चिकित्सा समिति का निर्णय मान्य होगा।

तीन बार के दूध उत्पादन के औसत से होगा चयन

प्रतियोगिता के अंतर्गत गायों का दुग्ध दोहन तीन बार किया जाएगा। इसमें 30 अक्टूबर को सुबह एवं शाम तथा 31 अक्टूबर को सुबह दूध निकाला जाएगा। इन तीनों समय के दुग्ध उत्पादन के औसत के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली गायों के पशुपालकों को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालक को 100000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 50000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालक को 25000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पात्र पशुपालकों से निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन कराने और प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।